Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 08 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 281

# असम में बाढ़ ने मचाई तबाही, अब तक 62 लोगों की मौत, 24 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित : गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम से की बात

**गुवाहाटी । आरएनएस**

पूर्वोत्तर के राज्यों में इनदिनों भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. वहीं भारी बारिश के बाद असम में बाढ़ आ गई है. जिसके चलते राज्य में कई लोगों की मौत हो गई है. वहीं 24 लाख से ज्यादा लोग इस बाढ़ से प्रभावित हुए हैं. इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से बात की साथ ही मदद का भरोसा दिलाया. शाह लोगों को विश्वास दिलाया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं. गृह मंत्री शाह ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाढ़ प्रभावित राज्य को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्वीट किया. गृह मंत्री ने लिखा, भारी बारिश के कारण, असम में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है, मौजूदा स्थिति के बारे में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से बीत की. एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम युद्ध स्तर पर काम कर रही हैं और पीड़ितों को राहत पहुंचा रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हुए हैं, और इस चुनौतीपूर्ण समय में राज्य को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

बता दें मानसून आने के बाद पूर्वोत्तर के साथ असम में भी भारी बारिश का दौर जारी है. जिसके चलते असम में बाढ़ आ गई है. इस बाढ़ में कई लोगों की मौत हो



चुकी है. जबकि बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान हुआ है. कई सडक़ें बंद हो गईं हैं और हजारों एकड़ फसल नष्ट हो गई है. इस बाढ़ में पशुधन की भी हानि हुई है. बाढ़ के चलते सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं. राज्य के 30 जिलों में 24 लाख 20 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं. सबसे ज्यादा धुबरी जिले में 775,721 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं. बाढ़ से 63,490.97 हेक्टेयर फसल क्षेत्र डूब गया है. जबकि 112 राजस्व मंडलों के तहत 3,518 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं.

राज्य में बाढ़ के चलते अब तक 62 लोगों की मौत हुई है. जबकि 92 जानवर भी बाढ़ में मारे गए हैं. आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, काजीरंगा नेशनल पार्क, बोकाखाट में शनिवार को कुल 95 जानवरों को बचाया गया है. राज्य में ब्रह्मपुत्र नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है. राज्य के नेमाटीघाट, गुवाहाटी, गोलपारा और धुबरी में भी ब्रह्मपुत्र खतरे के निशान से ऊपर बह रही है.

## उत्तराखंड में भारी बारिश से लैंडस्लाइड, महाराष्ट्र में रेलवे ट्रैक पर भरा पानी

**नईदिल्ली । आरएनएस**

मानसून आने के बाद जहां लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत की सांस ली है तो वहीं कई राज्यों में मानसून ने तलाबी मचाना शूरू कर दी है. जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारी बारिश से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है. वहीं पूर्वोत्तर में भी मानसून ने इस बार भारी तबाही मचाई है. पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते गढ़वाल डिवीजन में चार धाम यात्रा को रविवार को रोक दिया गया है. वहीं बद्रीनाथ-विष्णु प्रयाग नेशनल हाईवे के पास भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हुआ है. जिसके चलते सडक़ बंद हो गई है और दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई है.

उत्तराखंड में ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश में भी भारी बारिश के चलते लोगों के सामने मुश्किलें पैदा हो गई हैं. यूपी में बीते 24 घंटों के दौरान बारिश संबंधी घटनाओं में 13 लोगों के मारे जाने की खबर है. राहत बचाव विभाग के मुताबिक, बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हुई है. जबकि एक शख्त की पानी में डूबने से जान चली गई. वहीं तीन लोग बारिश संबंधी अन्य घटनाओं में मारे गए हैं.

उधर महाराष्ट्र और गुजरात में भी इन दिनों भारी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है. महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भारी बारिश के बाद वाशिंद स्थित सृष्टि फार्म हाउस के पास पानी भर गया है. जिसके चलते यहां करीब 150 लोग फंस गए हैं. उन्हें बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. जबकि कल्याण-कसारा रूट पर रविवार सुबर रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया. वहीं एक पेड़ के ट्रैक पर गिरने से ट्रैक बाधित हो गया है.

वहीं भारी बारिश के बाद मुंबई से सटे ठाणे जिले में रविवार सुबह लोकल ट्रेन सर्विस को सस्पेंड कर दिया गया. अधिकारियों के मुताबिक, कसारा और टिटवाला स्टेशनों के बीच लोक ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं. रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे कल्याण-कसारा रूट पर भारी बारिश के बाद अटगांव और थानसित स्टेशनों के बीच मिट्टी जमा हो गई. जिसके चलते रेलवे ने पटरियों को असुरक्षित घोषित कर दिया. इसके बाद वाशिंद स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक पेड़ भी गिर गया.

उधर बिहार में भी भारी बारिश से हालात बिगड़ते जा रहे हैं. राज्य की कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. बगहा के रामनगर में धान की रोपाई करने गए तीन किसानों के मसान नदी फंस गए. गनीमत ये रही कि एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों के 12 घंटों बाद सुरक्षित निकाल लिया.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गाजा स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में 16 की मौत

**गाजा ।** फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा है कि गाजा पट्टी में एक स्कूल पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए हैं, साथ ही इस हमले में कई अन्य घायल हो गए हैं। घायलों की संख्या कम से कम 75 बताई गई है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इमारत में हजारों विस्थापित लोग रह रहे थे। शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में, इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि वायुसेना ने सेंट्रल गाजा में यूएनआरडब्ल्यूए के अल-जौनी स्कूल के क्षेत्र में स्थित इमारत में रह रहे कई आतंकवादियों पर हमला किया। यह स्थान आतंकवादियों के छिपने की जगह थी। इसका उपयोग आईडीएफ सैनिकों पर हमले के लिए किया जा रहा था। आईडीएफ ने आगे कहा कि हमले से पहले नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के लिए कई कदम उठाए गए, जिसमें सटीक हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी का उपयोग शामिल था। आईडीएफ ने हमास पर आरोप लगाया है कि वह इजरायल के खिलाफ हमलों के लिए नागरिक इमारतों और नागरिक आबादी का मानव ढाल के रूप में उपयोग कर रहा है जो अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। इधर, संघर्ष विराम वार्ता के लिए सीआईए प्रमुख विलियम बर्न्स अगले सप्ताह कतर की यात्रा करेंगे।गाजा में युद्ध को समाप्त करने और इजरायली तथा फिलिस्तीनी बंदियों की अदला-बदली पर दोहा में बातचीत जारी है।

### 40 सालों में पहली बार भारतीय प्रधानमंत्री करेंगे ऑस्ट्रिया की यात्रा, पीएम मोदी ने लिखा खास संदेश

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रिया की यात्रा पर जाने वाले हैं। अपनी आधिकारिक यात्रा से पहले रविवार को पीएम ने कहा कि वह सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर चर्चा के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून के शासन के साझा मूल्य वह आधार हैं, जिन पर दोनों देश और अधिक घनिष्ठ साझेदारी का निर्माण करेंगे। दरअसल, ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर ने एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी की यात्रा को लेकर उत्सुकता दिखाई। नेहमर ने कहा, मैं अगले हफ्ते वियना में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। चांसलर कार्ल नेहमर ने कहा, यह यात्रा एक विशेष सम्मान है क्योंकि यह 40 सालों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि हम भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने का मौका उन्होंने आगे कहा, हमारे पास अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने और कई भू-राजनीतिक चुनौतियों पर निकट सहयोग के बारे में बात करने का अवसर होगा। धन्यवाद चांसलर कार्ल नेहमर- पीएम मोदी वहीं, पीएम मोदी ने चांसलर नेहमर को जवाब देते हुए कहा, धन्यवाद चांसलर कार्ल नेहमर।

## आगरा में दर्दनाक हादसा : तालाब में डूबने से 4 बच्चों की मौत, बचाने के लिए कूदे 6 लोगों को बचाया गया

**आगरा । आरएनएस**



उत्तर प्रदेश के आगरा में थाना खंदौली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर बने तालाब में रविवार को नहाने गए चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बच्चों को डूबते देख महिला सहित छह लोग उन्हें बचाने के लिए कूद गए। बच्चों को बचाने के प्रयास में सभी डूबने लगे। जानकारी मिलने पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस ने सभी को बाहर निकाला, जिनमें चार बच्चों की मौत हो गई। अन्य लोगों को उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है।

खंदौली यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर कानपुर व औरैया के रहने वाले मजदूरों के सात परिवार विगत दिनों से तम्बू लगाकर रह रहे हैं। वे आसपास के गांवों में जाकर समान बेचते थे। आज सुबह करीब साढ़े आठ बजे पास में ही बने तालाब में तीन बच्चे हिना, खुशी व चांदनी नहाने के लिए कूद गए। कुछ ही देर बाद तीनों डूबने लगे।

आवाज सुनकर परिवार की महिला नगीना पत्नी छिंगा, अनुराधा, रागिनी, प्राची, सनी व रिया भी कूद गईं। सभी एकसाथ डूबने लगे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस व ग्रामीणों ने रस्सी डालकर सभी को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। इस दौरान हिना, खुशी, चांदनी और रिया की मौत हो गई। अन्य सभी को उपचार के लिए भेज दिया गया। घटना की सूचना पर एसीपी सुकन्या शर्मा और क्षेत्रीय विधायक डा धर्मपाल सिंह भी पहुंच गए।

## कश्मीर घाटी में सुरक्षा बलों का आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब, कुलगाम में 6 दहशतगर्दों को उतारा मौत के घाट : सेना के दो जवान भी शहीद

**श्रीनगर । आरएनएस**

कश्मीर घाटी में इनदिनों सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है. शनिवार को कुलगाम जिले में शुरू हुए दो एनकाउंटर में सेना के जवानों ने अब तक छह आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया है. जबकि सेना के दो जवान शहीद भी हुए हैं. अधिकारियों के मुताबिक, ये मुठभेड़ शनिवार दोपहर कुलगाम के मोदरगाम और चिनिगाम गांवों में शुरू हुई थी. मारे गए इन 6 आतंकवादियों में से दो मदारगाम में मारे गए हैं जबकि बाकी चार आतंकियों को चिनिगाम में मार गिराया है.



अधिकारियों के मुताबिक, कुलगाम के मोदरगाम में दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी. इस पर सुरक्षा बलों ने तुरंत एक्शन लिया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया. इसके अलावा चिनिगाम फ्रिसल में एक और आतंकवादी के छिपे होने की संभावना पर सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया. इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चला दी. उसके बाद सुरक्षा बलों ने भी आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया और छह आतंकियों को मार गिराया. फिलहाल सेना के जवान आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन चला रहा है.

बता दें कि शनिवार को सबसे पहले मोदरगाम गांव में मुठभेड़ शुरू हुई थी. इस मुठभेड़ में पैरा कमांडो लांस नायक प्रदीप नैन शहीद हो गए. सुरक्षा बलों को यहां दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी. इसके बाद सेना के जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया और आतंकी ठिकानों को घेर लिया. इसके बाद फ्रिसल चिनिगाम गांव में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई. इस ऑपरेशन के दौरान प्रथम राष्ट्रीय राइफल्स के हवलदार राज कुमार शहीद हो गए.

## हाथरस कांड: बाबा के वकील ने कहा जहरीले स्प्रे के इस्तेमाल से मची भगदड़, हुई मौतें

**नई दिल्ली । आरएनएस**

हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ के कारण 122 लोगों की जान चली गई। जिसकों लेकर सरकार की तरफ से कार्रवाई की जा रही है। वहीं इसी बीच बाबा को बचाने के लिए बाबा के वकील ने भगदड़ की एक नई कहानी रच दी है।

**जहरीले स्प्रे का हुआ इस्तेमाल**

साकार हरि के वकील एपी सिंह ने कहा कि बाबा के खिलाफ भगदड़ की साजिश रची गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भगदड़ हुई नहीं बल्कि कराई गई है। इसके लिए साजिशकर्ताओं ने जहरीले स्प्रे का इस्तेमाल किया। सत्संग खत्म हुआ तो साजिश के तहत कुछ लोग बाबा की तरफ दौड़ पड़े। उन लोगों के हाथों में जहरीला स्प्रे था। वे दौड़ते हुए पीछे की तरफ स्प्रे करते हुआ बाबा की तरफ भागे। इस स्प्रे का प्रभाव महिलाओं पर पड़ा और वे बेहोश होने लगीं। महिलाएं गिरने लगीं और भगदड़ का माहौल हो गया जिसके चलते यह घटना हुई। एपी सिंह ने कहा कि अज्ञात लोग जहरीले स्प्रे लेकर जा रहे थे। वे जहरीले स्प्रे का छिडक़ाव करते हुए भागे और यह एक पूर्व



नियोजित साजिश का हिस्सा लग रहा है। कई लोग बेहोश हो गए। मैं विशेष जांच दल से आग्रह करता हूं कि वह जांच करे कि इस घटना के पीछे कौन लोग हैं।

बता दें कि भगदड़ की घटना के संबंध में अब तक मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### राहुल गांधी ने सीएम योगी को लिखी चिट्ठी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने हाथरस हादसे को लेकर रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने यूपी सरकार से पीड़ित के परिजनों को मुआवजा राशि बढ़ाने और जल्द से जल्द प्रदान करने का आग्रह किया। इसके साथ ही राहुल गांधी ने पत्र के माध्यम से सीएम योगी को पीड़ित परिजनों की समस्याएं भी बताईं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुख्यमंत्री को लिखे पत्र को भी शेयर भी किया।

## देवघर में तीन मंजिला इमारत हुई जमींदोज, मलबे में दबे कई लोग-रेस्कयू जारी; सूरत हादसे में अब तक 7 की मौत

**देवघर । आरएनएस**



गुजरात के सूरत के बाद अब झारखंड के देवघर में एक तीन मंजिला बिल्डिंग गिर गई। हादसे की सूचना मिलते ही तत्काल एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। मलबे से 3 लोगों को बाहर निकाला गया है। इन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलबे में कुछ और लोगों के फंसे होने की आशंका है। रेस्क्यू कार्य जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे, देवघर के उपायुक्त, एसपी समेत जिले के कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारी राहत और बचाव कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। शहर के सीता होटल के समीप यह तीन मंजिला इमारत था।स्थानीय लोगों ने बताया कि बिल्डिंग तेज धमाके के साथ अचानक गिरी। फिर वातावरण में चारों ओर धूल ही धूल दिखाई देने लगा। लोग भागे-भागे मौके पर पहुंचे। तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। एनडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची. बचाव कार्य जारी है। इन दिनों देवघर में जमकर बारिश हुई है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि पुराना मकान होने की वजह से यह गिर गया। पुलिस ने बताया कि घायलों से हादसे की जानकारी ली गई है।

इससे पहले शनिवार को गुजरात के सूरत में एक पांच मंजिला इमारत गिर गई। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल बताए जा रहे हैं। घटनास्थल पर रात भर रेस्क्यू टीम मलबे को हटाती रही।एक अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## अमरनाथ गुफा में बर्फ का शिवलिंग पिघला, एक हफ्ते में ही बाबा बर्फानी हो गए अंतर्ध्यान

**जम्मू । आरएनएस**

ठंडी और सर्दियों के लिए मशहूर कश्मीर घाटी में इस साल भयंकर गर्मी पड़ रही है. जम्मू समेत घाटी में भी इस साल तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ा है. घाटी में इस साल तापमान 36 डिग्री के पार भी पहुंचा है, जिससे हीटवेव का खतरा बढ़ गया है. घाटी में इस साल बढ़े हुए तापमान का सीधा असर बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा पर भी पड़ा है जहां यात्रा शुरू होने के एक हफ्ते में ही शिवलिंग पिघलने की खबर सामने आई है. बताया जा रहा है कि बढ़ते तापमान की वजह से अमरनाथ गुफा में स्वयंभू शिवलिंग पिघल गए,

इस साल अमरनाथ यात्रा की बात करें तो यात्रा 29 जून से शुरू हुई है जो 19 अगस्त तक चलने वाली है. 52 दिन की इस यात्रा में अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा भक्त देशभर से बाबा के दर्शन कर चुके हैं. इस साल भी यात्रा पहलगाम और बालटाल रूट से हो रही है. इस साल की यात्रा में साढ़े तीन लाख यात्रियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया है, जबकि जम्मू और कश्मीर में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी रखी गई है. हर दिन सैंकड़ों की तादाद में श्रद्धालु जम्मू से जत्थे में रवाना हो रहे हैं.

वहीं अगर बाबा अमरनाथ की बात करें तो उनकी गुफा 3880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है. हर साल बाबा की गुफा में प्राकृतिक रूप से बर्फ के शिवलिंग बनते हैं और काफी समय तक रहते हैं जिसके बाद बाबा अंतरध्यान हो जाते हैं. लेकिन इस साल ज्यादा गर्मी के चलते बाबा समय से पहले ही अंतरध्यान हो गए हैं. बावजूद इसके, देशभर से पहुंच रहे श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है. बाबा के भक्तों का कहना है कि उनकी भावनाएं बाबा से जुड़ी हुई हैं और वे बाबा के दर्शन करने के बाद ही वापस जाएंगे.



वहीं, शनिवार को पहाड़ों पर हो रही बारिश के कारण अमरनाथ तीर्थयात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है. इसके अलावा उत्तराखंड में भी चारधाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को भी 2 दिन विश्राम करने की सलाह दी गई है. उत्तराखंड सरकार और जम्मू कश्मीर प्रशासन ने खराब मौसम के चलते दोनों जगहों चल रही यात्राओं को रोकने का फैसला किया है. पहलगाम और बालटाल बेस कैंप से चलने वाली यात्रा को रोका गया है. अधिकारियों ने कहा कि भारी बारिश के कारण उत्तरी कश्मीर के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप से यात्रियों को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है.

## उत्तराखंड में रेड अलर्ट के बीच चारधाम यात्रा पर लगी रोक, प्रशासन ने श्रद्धालुओं से की अपील

**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखंड में भारी बारिश हो रही है। नदी-नाले उफान पर हैं। प्रदेश में अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही प्रशासन अनाउंसमेंट कर लोगों को नदियों और नालों के पास न जाने की हिदायत दे रहा है।

नदियों के किनारे रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। गढ़वाल क्षेत्र में सात और आठ जुलाई को भारी से बहुत भारी बारिश होने संबंधी मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मद्देनजर चारधाम यात्रा रविवार को अस्थायी रूप से रोक दी गई। गढ़वाल के आयुक्त विनय शंकर पांडे ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। आयुक्त विनय शंकर पांडे ने कहा कि मौसम विभाग ने गढ़वाल मंडल में सात और आठ जुलाई को भारी बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है, इसके मद्देनजर सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया जाता है कि वे सात जुलाई को ऋषिकेश से आगे चारधाम यात्रा के लिए रवाना न हों।

चमोली, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल और उधम सिंह नगर में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट है, जबकि हरिद्वार, देहरादून, टिहरी और उत्तरकाशी में भारी बारिश की संभावना है।